CAREERINDIA

SET – 4

Series : GBM/C

कोड नं.
Code No. **40**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **12** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **12** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **30** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

www.ca

# विधिक अध्ययन

# LEGAL STUDIES

*निर्धारित समय : 3 घंटे* | *अधिकतम अंक : 100*
*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 100*

CAREERINDIA

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **30** प्रश्न है ।*

*(ii)* ***सभी** प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** हैं ।*

*(iii)* *प्रश्न-संख्या **1** से **8** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं और प्रत्येक के लिए **1** अंक निर्धारित है ।*

*(iv)* *प्रश्न-संख्या **9** से **14** लघु उत्तरीय प्रश्न हैं और प्रत्येक के लिए **2** अंक निर्धारित हैं । इनमें से प्रत्येक का उत्तर **50** शब्दों से अधिक न हो ।*

*(v)* *प्रश्न-संख्या **15** से **20** लघु उत्तरीय प्रश्न हैं और प्रत्येक के लिए **4** अंक निर्धारित हैं । इनमें से प्रत्येक का उत्तर **100** शब्दों से अधिक न हो ।*

*(vi)* *प्रश्न-संख्या **21** से **24** दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं और प्रत्येक के लिए **5** अंक निर्धारित हैं । इनमें से प्रत्येक का उत्तर **150** शब्दों से अधिक न हो ।*

*(vii)* *प्रश्न-संख्या **25** से **30** दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं और प्रत्येक के लिए **6** अंक निर्धारित हैं । इनमें से प्रत्येक का उत्तर **200** शब्दों से अधिक न हो ।*

**General Instructions :**

*(i)* *There are **30** questions in all.*

*(ii)* ***All** questions are compulsory.*

*(iii)* *Questions number **1** to **8** are multiple choice questions carrying **1** mark each.*

*(iv)* *Questions number **9** to **14** are short answer questions carrying **2** marks each. Answer to each of these should not exceed **50** words.*

*(v)* *Questions number **15** to **20** are short answer questions carrying **4** marks each. Answer to each of these should not exceed **100** words.*

*(vi)* *Questions number **21** to **24** are long answer questions carrying **5** marks each. Answer to each of these should not exceed **150** words.*

*(vii)* *Questions number **25** to **30** are long answer questions carrying **6** marks each. Answer to each of these should not exceed **200** words.*

www.careerindia.com

**1.** निधि की नियुक्ति भारतीय संविधान के अनुच्छेद 76 के अनुसार उस पद पर हुई । उसका कर्तव्य है सरकार को विधिक विषयों पर परामर्श देना । वह संसद की कार्यवाही में भाग भी ले सकती है किंतु उसे मतदान का अधिकार नहीं है । उस पद की पहचान कीजिए जिस पर उसकी नियुक्ति हुई है ।

(क) महाधिवक्ता

(ख) महान्यायवादी

(ग) उच्च न्यायालय की न्यायाधीश

(घ) उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश **1**

Nidhi was appointed for the post as specified under Article 76 of the Indian Constitution. Her duty is to give advice to the Government of India upon legal matters. She can also take part in proceedings of the Parliament without a right to vote. Identify the post for which she has been appointed.

(a) Advocate General

(b) Attorney General of India

(c) High Court Judge

(d) Supreme Court Judge

**2.** यह क्षति (टॉर्ट) प्रतिवादी के द्वारा चोट पहुँचाए जाते समय उसके इरादे या लापरवाही पर ध्यान नहीं देता । प्रतिवादी ने हानि को बचाने के लिए चाहे तर्कसंगत सावधानी बरती हो फिर भी वह पहुँची हानि के प्रति उत्तरदायी है । यहाँ उल्लिखित क्षति (टॉर्ट) है :

(क) लापरवाही की क्षति

(ख) कठोर देयता (स्ट्रिक्ट लायबिलिटी) की क्षति

(ग) परिवर्तन (कन्वर्ज़न) की क्षति

(घ) साभिप्राय (इंटेन्शनल) क्षति **1**

This tort does not care about the intention or carelessness of the defendant when the defendant caused the injury. The defendant could be responsible for the damage caused even if the defendant has exercised reasonable care to prevent the harm. The tort mentioned here is :

(a) Tort of negligence

(b) Tort of strict liability

(c) Tort of conversion

(d) Intentional tort

www.careerindia.com

CAREERINDIA

3. प्रणीत ने अपने शेयर अपनी पत्नी शालिका के नाम अन्तरित कर दिए और शेयरों का मूल्य ₹ 500 है । उपर्युक्त स्थिति में अंतरण(ट्रान्सफर) का

(क) अनिवार्यतः पंजीकरण जरूरी है, संपत्ति का मूल्य चाहे जो भी हो क्योंकि शेयर अप्रत्यक्ष संपत्ति है ।

(ख) पंजीकरण ज़रूरी नहीं है क्योंकि शेयरों के अंतरण में अंतरण केवल सुपुर्दगी से होता है ।

(ग) रजिस्ट्रेशन ज़रूरी है क्योंकि शेयर अमूर्त संपत्ति है और इनका पंजीकरण अनिवार्य है ।

(घ) रजिस्ट्रेशन ज़रूरी नहीं है क्योंकि संपत्ति का मूल्य ₹ 1,000 से कम है । 1

Praneet transferred his shares to his wife Shalika and the value of the shares is ₹ 500. In the above given situation, the transfer

(a) Requires compulsory registration irrespective of the value of the property as shares are intangible property.

(b) Does not require registration as in case of transfer of shares, transfer has to be made only by delivery.

(c) Require registration as shares are tangible property and it requires compulsory registration.

(d) Does not require registration as the value of property is less than ₹ 1,000.

4. आपराधिक देयता अथवा आपराधिक अभियोज्यता के निर्धारण में भारतीय दंड विधि _________ पर ध्यान नहीं देती ।

(क) आपराधिक इरादा (मेन्स री)

(ख) आपराधिक कार्य (एक्टस री)

(ग) उद्‌देश्य

(घ) प्रयास 1

The Criminal Law in India does not take into account ____ in affixing criminal liability or in determining criminal culpability.

(a) Intention (Mens Rea)

(b) Commission of an Act (Actus Reas)

(c) Motive

(d) Attempt

5. 'लॉ ऑफ मॉसेस' का संबंध निम्नलिखित में से किसके साथ है ?

(क) अगर ऋणदाता अपने किसी गरीब ऋणगृहीता का लबादा गिरवी रखता है तो रात होने से पहले ही उसे अवश्य लौटा देना चाहिए अन्यथा उसके पास रात में ओढ़ने को कुछ नहीं बचेगा ।

(ख) यह सबल व्यक्ति को निर्बल का उत्पीड़न करने और उसका शोषण करने से बचाने के लिए है ।

(ग) प्रत्येक व्यक्ति को समान मूल स्वतंत्रताओं के प्रति समान अधिकार होना चाहिए ।

(घ) यह निर्धन को प्रदान की गई सेवाओं के शुल्क को सीमित करने का प्रयास करता है । उदाहरण के रूप में जैसे कोई सर्जन निर्धन और धनवान से व्यक्तिपरक ढंग से सटीक शुल्क लेता है । 1

www.careerindia.com

'Law of Mosses' relates to which of the following ?

(a) If the creditor took his poor debtors' cloak in pledge, he must return it by nightfall, otherwise he would have no covering for the night.

(b) It is to prevent the strong from oppressing and exploiting the weak.

(c) Each person should have an equal right to the system of equal basic liberties.

(d) It attempts to limit the charges made for the services to poor men providing an instance wherein a surgeon can exact subjectively from the poor and the rich.

**6.** राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व भारतीय संविधान के किस खंड तथा किस अनुच्छेद के अंतर्गत प्रदान किए गए हैं ?

(क) खंड IV, अनुच्छेद 37-51क

(ख) खंड IV क, अनुच्छेद 36-51

(ग) खंड IV, अनुच्छेद 36-51

(घ) खंड IV, अनुच्छेद 36-51क **1**

Directive Principles of State Policy are provided under which part and under which article/s of the Indian Constitution ?

(a) Part IV, Article 37-51A

(b) Part IV A, Article 36-51

(c) Part IV, Article 36-51

(d) Part IV, Article 36-51A

**7.** जिलाविधिक सेवा अधिकरण का अध्यक्ष होता है

(क) उच्च न्यायालय का न्यायाधीश

(ख) संबंधित उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश

(ग) ज़िला न्यायाधीश

(घ) महाधिवक्ता **1**

The Chairman of District Legal Services Authority is

(a) Judge of High Court

(b) Chief Justice of concerned High Court

(c) District Judge

(d) Advocate General

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**8.** मधुर एक धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय से संबंध रखता है और अपने धर्म को बढ़ावा देने के लिए वह एक शिक्षा संस्थान खोलना चाहता है । भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत मधुर को एक शिक्षा संस्थान खोलने का अधिकार प्राप्त है ?

(क) अनुच्छेद 25

(ख) अनुच्छेद 26

(ग) अनुच्छेद 30

(घ) अनुच्छेद 29 **1**

Madhur belongs to a religious minority and in order to promote his religion, he wants to establish an educational institution. Under which article of Indian Constitution Madhur has the right to establish an educational institution ?

(a) Article 25

(b) Article 26

(c) Article 30

(d) Article 29

**9.** भारत में दंड विधि (क्रिमिनल लॉ) का उद्देश्य क्या है ? **2**

What is the purpose of Criminal Law in India ?

**10.** मानवाधिकारों की विश्वव्यापी घोषणा (UDHR) के अंतर्गत प्राप्त किन्हीं चार मानवाधिकारों का उल्लेख कीजिए । **2**

Give any four Human Rights provided under Universal Declaration of Human Rights (UDHR).

**11.** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की किन्हीं चार शक्तियों का उल्लेख कीजिए जो दीवानी अदालतों (सिविल कोर्ट्स) के समान हैं । **2**

State any four powers of National Human Rights Commission which are similar to that of Civil Courts.

**12.** "सार्वजनिक अंतर्राष्ट्रीय कानून के इस स्रोत को विधि के रूप में स्वीकृत सामान्य प्रथा के साक्ष्य के रूप में वर्णित किया जाता है ।" अंतर्राष्ट्रीय कानून के स्रोत के इस प्रावधान की पहचान कीजिए और स्पष्ट कीजिए । **2**

"This source of Public International Law is described as evidence of general practice accepted as law." Identify and explain this provision of source of International Law.

www.careerindia.com

CAREERINDIA

**13.** भारतीय संविधान के 42वें संशोधन अधिनियम, 1976 के द्वारा अन्तःस्थापित अनुच्छेद 39क का उद्देश्य लिखिए । इस संयोजन से विधिक प्रणाली में आए किसी एक मूल्य का उल्लेख कीजिए । **2**

State the purpose of Article 39A which was inserted by the 42nd Amendment Act, 1976 of the Constitution of India. Give any one value instilled in the justice system by this addition.

**14.** कोई 'राज्य' किसी संधि विशेष से स्वयं को बाध्य करने के लिए अपनी सहमति किस प्रकार दे सकता है ?(किन्हीं दो का उल्लेख) **2**

How can a 'State' express its consent to bind itself by a particular treaty ? (any two)

**15.** विधिक निर्णय लेने में निपुणता बढ़ाने में न्यायिक प्रशिक्षण की आवश्यकता महसूस हुई । राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी का संक्षिप्त परिचय देते हुए स्पष्ट कीजिए :

(i) न्यायिक प्रशिक्षण देने में इसकी भूमिका

(ii) न्यायाधीशों को प्रशिक्षण देने के लिए इसकी कार्यप्रणाली **4**

In order to increase the efficiency in judicial decision making, a need for judicial training was felt. Giving a brief introduction about the National Judicial Academy, explain :

(i) It's role in providing judicial training.

(ii) It's methodology adopted for training judges.

**16.** लोक अदालतें क्या हैं ? इसकी प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । **4**

What are 'Lok Adalats' ? State its salient features.

**17.** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) के किन्हीं चार प्रकार्यों को स्पष्ट कीजिए । **4**

Explain any four functions of National Human Rights Commission (NHRC).

**18.** अधिवक्ता अधिनियम, 1961 के द्वारा विधिक व्यवसाय और शिक्षा में प्रवर्तित परिवर्तनों की गणना निम्नलिखित के विशेष संदर्भ में कीजिए :

(i) विधिक व्यवसायों के वर्ग

(ii) विधिक व्यवसाय और शिक्षा के नियमन के लिए राज्य और राष्ट्र के स्तर पर संस्थाओं का निर्माण **4**

List the changes introduced in the legal profession and education by 'The Advocates Act, 1961' with special reference to :

(i) Categories of legal practitioners

(ii) Establishment of the bodies at National and State level to regulate the legal profession and education.



www.careerindia.com

CAREERINDIA

19. अधिकारों के विभाजन का सिद्धांत क्या है ? इस सिद्धांत के मॉन्टेस्क्यू द्वारा दिए गए तीन पहलुओं का उल्लेख कीजिए । **4**

What is Doctrine of Separation of Powers ? Give three aspects of this doctrine by Montesquieu.

20. "भारतीय संसद ने 24वें संशोधन विधेयक को पारित किया जिसके द्वारा अपने आपको भारत के संविधान को संशोधन करने के असीमित अधिकार प्रदान कर दिए । केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य मामला 24वें संशोधन अधिनियम का उत्तर था ।" स्पष्ट कीजिए । **4**

'The Parliament of India passed 24$^{th}$ Amendment Act giving itself unlimited power to amend the Constitution of India. The case of Keshwananda Bharthi v. State of Kerala was an answer to the 24$^{th}$ Amendment Act.' Explain.

21. श्रीमती नमिता बोस केंद्र सरकार की कर्मचारी है और सीमा तथा उत्पाद शुल्क विभाग में सीमाशुल्क अधिकारी के तौर पर कार्य कर रही है । श्रीमती नमिता को एक आवास आबंटित हुआ किंतु यह पाया गया कि श्रीमती नमिता ने सरकारी आवास को बिना किसी पूर्वानुमति और अधिकार के इसे उप भाड़े में दे दिया । इस विधि विरुद्ध कार्य के लिए उसे सूचना दिए बिना या सुनने का अधिकार दिए बिना उस पर भारी दंड लगाया गया ।

(क) केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के सेवा मामलों पर किस अभिकरण का न्यायाधिकार क्षेत्र है ?

(ख) सेवा संबंधी विवादों के निपटान में न्यायालयों की भूमिका की पूर्ति करने में ऐसे अभिकरण का महत्त्व स्पष्ट कीजिए ।

(ग) क्या ऐसे अभिकरण के आदेश के विरुद्ध अपील की जा सकती है ? यदि हाँ, तो कहाँ ? **5**

Mrs. Namita Bose is a Central Government employee, working as a Custom Officer in Custom and Excise Department. Mrs. Namita has been allotted an accommodation but it was observed that Mrs. Namita sub-let that official accommodation without any permission and authority to do so. Heavy penalty was imposed on her for such an illegal act without giving her any notice and hearing.

(a) Which agency exercises jurisdiction of service matters of Central Government employees.

(b) Explain the significance of such agency in supplementing the role of courts in adjudication of service disputes.

(c) Can appeal be made against the order of such agency ? If yes, where ?

www.careerindia.com

**22.** सुधीर प्रीतनगर पुलिस स्टेशन पहुँचता है और थाना अधिकारी को सूचित करता है कि उसने रोहित को दो व्यक्तियों की हत्या करते देखा जो रोहित के घर में चोरी करने का प्रयास कर रहे थे । अधिकारी ने रोहित को पकड़ लिया और कैद में रखा । 24 घंटे के भीतर पुलिस अधिकारी स्वयं न्यायालय जाकर मजिस्ट्रेट को घटना के बारे में बताता है । मजिस्ट्रेट रोहित को 10 वर्ष के कारावास की सजा देता है ।

क्या रोहित का दोष सिद्ध करने के लिए अपनाई गई प्रक्रिया न्यायसंगत है । भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 और 22 का संदर्भ देते हुए अपने उत्तर में तर्क दीजिए । **5**

Sudhir walks into the Police Station, Preet Nagar and informs the Station Officer that he saw Rohit committing murder of two people who were trying to commit theft in Rohit's house. The officer arrested Rohit and put him in jail. Within 24 hours the police officer personally goes and informs the Magistrate about the incident. The Magistrate sentences Rohit to an imprisonment for 10 years.

Is the procedure followed for Rohit's conviction justified ? Give reason to your answer by referring Article 21 and 22 of the Indian Constitution.

**23.** विश्वास, जो कि विधि स्नातक है, समाज के कमज़ोर वर्ग को निःशुल्क विधिक सहायता देने के लिए केंद्रीय अधिकरण के पैनल में शामिल होना चाहता है । आप पहले से ही उस पैनल में हैं । वह जानना चाहता है :

(i) पैनल में शामिल होने की प्रक्रिया

(ii) पैनल में शामिल अधिवक्ताओं को क्या करना उचित है, क्या नहीं

(iii) पैनल में शामिल अधिवक्ताओं को पारिश्रमिक कौन देता है ?

(क) आपको उसे उक्त प्रश्नों पर सूचना देनी है ।

(ख) विश्वास जब पैनल में शामिल होने की अपनी इच्छा व्यक्त कर रहा है तो उसके द्वारा संप्रेषित दो मूल्यों का उल्लेख कीजिए । **5**

Vishwas, a law graduate wishes to be empanelled with the Central Authroity to provide free legal services to the vulnerable groups of the society. You are already in the panel. He is desirous to know about :

(i) the process of empanelment

(ii) do's and don'ts for the empanelled advocates

(iii) who pays remuneration to the empanelled advocates;

(a) You are required to provide him with the information on the above mentioned queries.

(b) State any two values communicated by Vishwas to the society when he expresses his desire to be empanelled.

CAREERINDIA

**24.** इंग्लैंड में विधिक व्यवसाय के संदर्भ में निम्नलिखित के उत्तर दीजिए :

(क) इंग्लैंड में विधिक शिक्षा

(ख) सॉलिसिटर और बैरिस्टर में अंतर **5**

With respect to Legal profession in United Kingdom, answer the following :

(a) Legal Education in the United Kingdom

(b) Difference between Solicitor and Barrister

**25.** (क) भारत में उच्च न्यायालय का न्यायाधीश बनने के लिए क्या योग्यताएँ आवश्यक हैं ?

(ख) भारत में उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति कैसे होती है ? **6**

(a) What qualifications are required to become a High Court Judge in India ?

(b) How are High Court Judges appointed in India ?

**26.** ग्रीन वर्ल्ड ऑर्गेनिक्स 'गिलोय सत्त्व' नामक दवा का उत्पादक है जो डेंगू और चिकनगुनिया की चिकित्सा में प्रयुक्त होता है । कंपनी को विश्वास था कि यह दवा इन रोगों को पूर्णतः ठीक कर देती है । एक विज्ञापन दिया गया जिसमें कहा गया कि ₹ 10,000 इनाम किसी ऐसे व्यक्ति को दिया जाएगा जिसे पंद्रह दिन तक गिलोय सत्त्व लेने के बाद डेंगू और चिकनगुनिया हुआ हो । विज्ञापन में यह भी कहा गया कि ₹ 1,00,000 अलाऐंस बैंक में जमा कर दिया गया है कि यदि ऐसी स्थिति पैदा हो तो भुगतान किया जा सके । विज्ञापन देखने पर श्रीमती सुचिका ने गिलोय सत्त्व दवा खरीदी और दिए गए निर्देशों के अनुसार उसका सेवन किया । श्रीमती सुचिका को दुबारा डेंगू और चिकनगुनिया हो गया । श्रीमती सुचिका ने ₹ 10,000 के इनाम के लिए कंपनी पर मुकदमा किया । उत्पादक कंपनी ने कहा कि :

(1) किसी भी व्यक्ति से इस विज्ञापन के माध्यम से कानूनी संबंधों में प्रविष्ट होने का कोई इरादा नहीं था और विज्ञापन केवल गिलोय सत्त्व नामक दवा की मार्केटिंग बढ़ाने के लिए दिया गया था ।

(2) विज्ञापन किसी व्यक्ति विशेष के सामने कोई प्रस्ताव नहीं था और कोई प्रस्ताव सामान्य जनता या पूरी दुनिया के लिए नहीं किया जाता ।

(3) प्रस्तावक को सूचना भी नहीं दी गई इसलिए कोई बाध्यता समझौता नहीं था ।

(क) प्रस्ताव क्या होता है ? किसी प्रस्ताव की स्वीकृति का क्या प्रभाव होता है ?

(ख) न्यायालय द्वारा कार्बोलिक स्मोक बौल केस में दिए गए 'सामान्य प्रस्ताव' के प्रत्यय को स्पष्ट कीजिए ।

(ग) क्या श्री सुचिका की कार्यवाही टिक पाएगी ? उत्तर में कारण भी दीजिए । **6**



www.careerindia.com

CAREERINDIA

Green World Organics is the manufacturer of a medicine called 'Giloysatva' which was used for the treatment of Dengue and Chikenguniya. The company believed that the medicine completely cured these ailments. An advertisement was put up offering a reward of ₹ 10,000 to anyone who got Dengue and Chikenguniya again after using the 'Giloysatva' medicine continuously for fifteen days. In the advertisement, it was also stated that ₹ 1,00,000 was deposited in a Bank, namely, Alliance Bank for paying the rewad if such situation arose. Seeing the advertisement, Mrs. Suchika bought the 'Giloysatva' medicine and used it as per the directions provided. Mrs. Suchika got a fresh episode of Dengue and Chikenguniya. Mrs. Suchika sued the company for the reward of ₹ 10,000. The manufacturing company stated that :

(1) there was no intention to enter into a legal relationship with anyone through the advertisement, and the advertisement was put up only to boost the marketing of the 'Giloysatva' medicine;

(2) the advertisement was not an offer as it was not made to any particular person and an offer cannot be made to the public at large or to the whole world;

(3) acceptance by the offeree had not been communicated, and so there was no binding contract.

(a) What is an 'offer' ? What is the impact of an 'acceptance' to an offer ?

(b) Explain the concept of 'general offer' as given by the Court in Carbolic Smoke Ball Case.

(c) Will the action of Mrs. Suchika stay ? Give reasons for your answer.

**27.** वैकल्पिक विवाद समाधान (अल्टरनेटिव डिस्प्यूट रिज़ॉल्यूशन) (ADR) प्रणाली क्या है ? पारंपरिक न्यायिक प्रणाली की अपेक्षा ADR अपनाने के किन्हीं चार लाभों का उल्लेख कीजिए । **6**

What is meant by Alternate Dispute Resolution (ADR) system ? State any four benefits of opting ADR over the conventional judicial procedure.

**28.** भारत में विधिक व्यवसाय के इतिहास में निम्नलिखित अधिनियमों की भूमिका को समझाइए :

(क) दि लीगल प्रैक्टिशनर्स ऐक्ट, 1846

(ख) भारतीय विधिक परिषद अधिनियम, (इंडियन बार काउंसिल्स ऐक्ट) 1926 **6**

Explain the role of following enactments in the history of Legal Profession in India :

(a) The Legal Practitioners Act of 1846

(b) Indian Bar Councils Act, 1926

www.careerindia.com

**29.** "गरीब या अशक्त होने से किसी को भी न्याय से वंचित नहीं किया जाना चाहिए ।"

उपर्युक्त कथन के आलोक में निम्नलिखित के उत्तर दीजिए :

(i) विधिक सेवा अधिकरण अधिनियम, 1987 के प्रावधानों के अनुसार ऐसे किन्हीं छः वर्गों की पहचान कीजिए जो निःशुल्क कानूनी सेवाएँ प्राप्त कर सकते हों ।

(ii) विधिक सहायता सेवा अधिकरण के अंतर्गत गठित केंद्रीय अधिकरण के किन्हीं छः प्रकार्यों का उल्लेख कीजिए । **6**

'None should be a denied justice for being a poor or being disabled.'

In the light of this statement answer the following :

(i) Enumerate any six categories of persons who can avail free legal services as per the provisions of the Legal Services Authorities Act of 1987 ?

(ii) State any six functions performed by the Central Authority constituted under the Legal Aid Services Authority.

**30.** "अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार का कार्यान्वयन प्रत्येक राज्य में शिकायत तन्त्र और मानवाधिकारों की रक्षा और उन्हें लागू करने के प्रक्रिया की प्रावधान करता है ।" उक्त कथन के आलोक में निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) मानवाधिकारों के लिए सं.रा. उच्चायुक्त का पद कब और क्यों सृजित किया गया ?

(ख) अंतर्राष्ट्रीय संदर्भ में मानवाधिकारों की रक्षा के लिए अंतर्राष्ट्रीय दंड न्यायालय (इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट) द्वारा निभाई गई भूमिका को स्पष्ट कीजिए । **6**

'The International Human Rights practice provides for complaint mechanism and procedure for the protection and implementation of Human Rights within each state.'

In the light of this statement, answer the following questions :

(a) When and why the post of UN High Commissioner for Human Rights was created ?

(b) Explain the role played by International Criminal Court to protect human rights in international context.

---

www.careerindia.com